Edition-1

सत्यमेव जयते

सेक्टर अधिकारी की पुस्तिका

2023

ELECTION COMMISSION OF INDIA
NIRVACHAN SADAN, ASHOKA ROAD, NEW DELHI-110001
"No voter to be left behind"
(This document is also available at ECI's website at https://eci.gov.in)
Document No.324.6.EPS:HB:7:2023

विषय सूची

अध्याय / प्रारंभिक

अध्याय क्र.	विषय	पृष्ठ संख्या
अध्याय–01	परिचय	
अध्याय–02	सेक्टर (क्षेत्र) अधिकारी के कर्त्तव्य एवम् उत्तरदायित्व	
2.1	मतदान जिम्मेदारियों का अवलोकन	
2.2	मतदान पूर्व जिम्मेदारी	
2.3	मतदान दिवस की जिम्मेदारी	
2.4	मतदान पश्चात् / बाद की जिम्मेदारी	
अध्याय–03	वल्नरेबिलिटी (वल्नरेबल) मानचित्रण और महत्वपूर्ण मतदान केन्द्र	
3.1	परिचय	
3.2	कानूनी ढाँचा	
3.3	वल्नरेबिलिटी(वल्नरेबल) के मापदंड	
3.4	वल्नरेबिलिटी (वल्नरेबल) मानचित्रण अभ्यास के तीन चरण	
3.5	संवेदनशील क्षेत्रों के खंडो (भागों) / गांवों / बस्तियों की पहचान	
3.6	असुरक्षा / वल्नरेबिलिटी (वल्नरेबल) उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की पहचान	
3.7	क्षेत्र / सेक्टर अधिकारियों द्वारा चिन्हित (वल्नरेबल) संवेदनशील क्षेत्रों में आत्मविश्वास निर्माण के उपाय	
3.8	मतदान के दिन वल्नरेबल क्षेत्रों / व्यक्तियों की निगरानी।	
गतिविधि		
3.9	जवाबदेही और गोपनीयत	
3.10	संवेदनशील / महत्वपूर्ण मतदान केन्द्र	
अध्याय–04	अनुपस्थित मतदाताओं द्वारा डाकमतपत्र के माध्यम से मतदान	
	अनुलग्नक 1 से 8 तक	

.

.

संक्षिप्ताक्षर

ए.आर.ओ (ARO)	–	सहायक रिटर्निंग अधिकारी
ए.एस.डी (ASD)	–	अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत
ए.एस.आई (ASI)	–	सहायक उपनिरीक्षक
ए.टी.आर (ATR)	–	की गयी कार्यवाही रिपोर्ट
सी.ई.ओ (CEO)	–	मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
सी.ए.पी.एफ (CAPF)	–	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल
डी.ई.ओ(DEO)	–	जिला निर्वाचन अधिकारी
डी.एम.(DM)	–	जिला न्यायाधीश
डी.एस.पी(DSP)	–	उप पुलिस अधीक्षक
ई.सी.आई (ECI)	–	भारत निर्वाचन आयोग
ई.पी.आई.सी (EPIC)	–	चुनावी फोटो पहचान पत्र
एल.आई.बी (LIB)	–	स्थानीय खुफिया ब्यूरो
एल.ओ.आर. (LOR)	–	कानून एवम् व्यवस्था रिपोर्ट
एल.डब्लू.ई. (LWE)	–	वामपंथी उग्रवाद
एम.सी.सी. (MCC)	–	आदर्श आचार संहिता
एन.बी.डब्लू. (NBW)	–	गैर जमानती वारंट
पी.ए.एस.ए. (PASA)	–	असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम

पी.सी.सी.पी. (PCCP)	–	गश्ती सह–संग्रह दल
पी.आई. (PI)	–	पुलिस निरीक्षक
पी.एस.(PS)	–	मतदान केन्द्र
आर.ओ. (RO)	–	रिटर्निंग अधिकारी
एस.डी.एम. (SDM)	–	अनुविभागीय दण्डाधिकारी
एस.डी.पी.ओ.एस. (SDPOS)	–	अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)
एस.ओ. (SO)	–	सेक्टर अधिकारी
एस.पी. (SP)	–	पुलिस अधीक्षक
टी.डी.ओ.(TDO)	–	तालुका विकास अधिकारी
यू.टी.(UT)	–	केन्द्रशासित प्रदेश
वी.एम. (VM)	–	वल्नरेबिलिटी(वल्नरेबल) मानचित्रण

अध्याय 01

प्रस्तावना/परिचय

1.1. सेक्टर अधिकारी/क्षेत्र न्यायाधीश चुनाव प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा पीठासीन अधिकारियों/मतदान दलों, रिटर्निंग अधिकारियों तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के मध्य एक कड़ी का कार्य करते हैं। क्षेत्र अधिकारी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दिन से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक चुनाव प्रबन्धन के लिए उत्तरदायी होते हैं। प्रत्येक क्षेत्र (सेक्टर) अधिकारी प्रायः 10–12 मतदान स्थल के प्रभारी होते हैं। सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों में से की जाती है। यदि आवश्यकता हो तो, केन्द्र सरकार के कर्मचारी भी तैनात किये जा सकते हैं। मतदान पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान पश्चात की गतिविधियों के दौरान सौंपी गयी महत्वपूर्ण भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए, उन्हें मतदान की तारीख से 4 माह पूर्व तैनात किया जाता है।

1.2. सेक्टर/क्षेत्र अधिकारियों को 10–12 मतदान केन्द्र/स्थल को कवर करने वाले प्रबंधनीय/नियन्त्रणीय मार्ग (रूट) वाले निर्वाचन क्षेत्र/खंड का एक सेक्टर सौंपा जाता है। सेक्टरों का गठन पहले ही इस प्रकार किया जाता है कि सेक्टर अधिकारी 1 से 2 घंटे के अंदर सेक्टर के समस्त मतदान केन्द्रों/स्थानों को कवर कर सकें। मतदान केन्द्रों/स्थानों के मार्गों को सेक्टर मानचित्र पर अंकित किया जाता है तथा सेक्टर मानचित्र को निर्वाचन क्षेत्र के मानचित्र पर अंकित किया जाता है। उनकी नियुक्ति के तुरन्त पश्चात् सेक्टर/क्षेत्र अधिकारियों को सेक्टर मानचित्र के साथ–साथ निर्वाचन मानचित्र भी प्रदान किया जाता है।

1.3. क्षेत्र अधिकारियों को कमजोर गांवों/बस्तियों तथा मतदाताओं की पहचान करने का काम सौंपा जाता है, जिससे कि निर्धारित मानकों के अनुसार यह सुनिश्चित किया जा सके कि, मतदाताओं को भयहीन तथा पक्षपातहीन मतदान करने के लिये अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके।

1.4. मतदान दिवस के 7 दिन पहले सेक्टर/क्षेत्र अधिकारी को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के अधिकार सौंपे जा सकते हैं। क्षेत्र अधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र के प्रत्येक चप्पे–चप्पे अर्थात मतदान स्थल तथा मतदान केन्द्रों के अधिग्रहण क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर परिचित होना आवश्यक है।

1.5. सेक्टर अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान स्वयं को उनकी भूमिका तथा उत्तरदायित्वों से चिर परिचित करवाना आवश्यक है।

- पूर्व मतदान उत्तरदायित्वः– मतदान केन्द्रों के स्थान और मार्ग मानचित्र (रूट मैप्स) मतदान केन्द्र में न्यूनतम सुविधाएं, मतदान केन्द्रों का बुनियादी संरचना, मतदाताओं के बारे में जागरूकता तथा वल्नरेबिलिटी (वल्नरेबल) मानचित्रण अभ्यास आदि का सत्यापन।

- मतदान दिवस के पूर्व उत्तरदायित्वः– मतदान दल, मतदान सामग्री, सुरक्षाकर्मियों की उपलब्धता तथा आदर्श आचार संहिता के पालन की सुनिश्चितता।

- मतदान दिवस के उत्तरदायित्वः– मतदान दल की सहायता करना, ईवीएम और वीवीपीएटी आदि आवश्यक हो तो प्रतिस्थापित करना, रिटर्निंग अधिकारी को समय–समय पर विभिन्न रिपोर्ट जिसमें कुल मतदान का प्रतिशत, घटनाएँ, निर्धारित आवाजाही की योजना–अनुसार मतदान दलों को ईवीएम तथा वीवीपीएटी के साथ वापसी आदि शामिल हैं, को भेजना।

1.6. मतदाताओं को ईवीएम/वी.वी.पीएटी के बारे में जागरूक करना अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले मतदाताओं को उनके ईपीआईसी कवरेज कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारी देना, मतदाताओं को हेल्पलाईन नम्बरों के बारे में तथा उनके मतदान केन्द्रों जहाँ उन्हें अपना वोट देना है, के बारे में सूचित करना भी सेक्टर अधिकारियों का उत्तरदायित्व होता है। सेक्टर अधिकारियों को मतदाता/सूचनापर्ची के वितरण की जाँच/परीक्षण करना होता है तथा यदि कोई विसंगति है तो रिपोर्ट करनी होती है।

1.7. सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करता है कि सभी मतदान दल तथा समस्त मतदान सामग्री मतदान केन्द्रों पर सुरक्षित पहुँचे। वह गुमशुदा दल/सदस्य के बारे में आर. ओ. (रिटर्निंग अधिकारी) को तुरन्त रिपोर्ट करेंगे।

1.8. सेक्टर अधिकारी मतदान के प्रथम दो घंटों के भीतर समस्त मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने क्षेत्राधिकार के समस्त मतदान केन्द्रों के मॉकपोल/ छद्म मतदान तथा मतदान शुरू होने की रिपोर्ट रिटर्निंग अधिकारी को दें। यदि आवश्यक हो तो ईवीएम/वीवीपीएटी के प्रतिस्थापन को सुनिश्चित करें।

1.9. सेक्टर अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों के बीच लगातार दौरे पर जाते रहते हैं तथा अपने अधिकार क्षेत्र के प्रत्येक पीठासीन अधिकारी को उपलब्ध/संपर्क योग्य रहेंगे तथा यह सुनिश्चित करें कि मतदान बिना किसी बाधा के स्वतंत्र तथा निष्पक्ष ढ़ंग से संचालित हो रहा है। सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों/जनसंख्या में मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर पहुँचने में तथा मतदान करने में कोई बाधा न हो।

साथ ही सेक्टर अधिकारियों के साथ अन्य अधिकारियों के मोबाइल नं. मतदान केन्द्र पर प्रदर्शित किये गये हों।

1.10. सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान केन्द्रों पर तैनात मतदान कर्मी (Personnel) की देखभाल की जा रही है तथा उन्हें अनुचित रूप से प्रेषण केन्द्र पर न रोका गया हो। मतदानकर्मियों/सुरक्षा बलों की आवाजाही की निगरानी सेक्टर अधिकारी के द्वारा ध्यानपूर्वक की जाती है तथा मतदानकर्मियों की मतदान केन्द्र पर सुरक्षित आगमन की पुष्टि रिपोर्ट भेजी जाती है।

1.11. सेक्टर अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से अपने अधिकार क्षेत्र के पीठासीन अधिकारियों से यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने सही ढ़ंग से पीठासीन अधिकारी की डायरी लिखी है उन्हें यह सुनिश्चित करना होता है कि ईवीएम/वीवीपीएटी तथा सांविधिक, असांविधिक दस्तावेज पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राप्ति केन्द्र पर ठीक से जमा किये है।

1.12. सेक्टर अधिकारी के कार्य की समीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारियों/प्रेक्षकों द्वारा बारम्बार समीक्षा बैठकों तथा रिपोर्ट्स के माध्यम से की जाती है।

1.13. सेक्टर अधिकारी को मतदान की विस्तृत प्रक्रिया जो कि पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका में वर्णित है, से स्वयं को परिचित करायें ताकि यदि मतदान के समय आवश्यक हो तो मतदान दलों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। सेक्टर अधिकारी, मतदान दलों को दिये जाने वाले किसी भी प्रशिक्षण को न छोड़ें तथा ईवीएम/वीवीपीएटी प्रबन्धन के प्रोटोकाल (औपचारिकता) से भी चिर–परिचित हो।

1.14. इस प्रकार सेक्टर अधिकारियों को सुचारू एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अनेक गतिविधियों को पूर्ण करना होता है। इस पुस्तिका में सेक्टर अधिकारियों को आंवटित कर्त्तव्य तथा उत्तरदायित्व निहित है। यद्यपि यह संपूर्ण नहीं है, इसे आयोग के अद्यतन निर्देश के संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए।

अध्याय – 02

सेक्टर अधिकारी के कर्त्तव्य तथा उत्तरदायित्व

2.1. संक्षिप्त विवरण– सेक्टर अधिकारी पीठासीन अधिकारी/मतदान दलों/रिटर्निंग अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के मध्य एक अनिवार्य कड़ी का कार्य करता है। उन्हें सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ निम्नलिखित पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है तथा उन्हें उनके कर्त्तव्यों का पालन सुचारू रूप से करने के योग्य बनाने हेतु निम्नलिखित विस्तृत जानकारी प्रदान की जाती है –

- प्रत्येक मतदान केन्द्र की निर्वाचक नामावली, बस्ती/गाँव के नाम आदि के साथ ताकि उस भाग के हर वर्ग के मतदाताओं से सम्पर्क किया जा सके।
- मतदान केन्द्र अनुसार सुनिश्चित की गयी न्यूनतम सुविधाएँ (अद्यतन की गयी)
- कुल मतदान का प्रतिशत (अंतिम दो सामान्य चुनावों में)
- मतदाता लिंग अनुपात
- एम.सी.सी. उल्लंघन के मामले
- उनके निर्दिष्ट क्षेत्र का रूटमैप (मार्ग मानचित्र), मतदान केन्द्र की स्थिति दर्शाने वाला मानचित्र
- VM- 1 डी.ई.ओ. द्वारा सृजित (Generated) रिपोर्ट (अनुलग्नक 1)।

सेक्टर अधिकारी के, मतदान पूर्व, मतदान के दौरान तथा मतदान के पश्चात् के उत्तरदायित्व।

2.2. मतदान पूर्व उत्तरदायित्व–

2.2.1. सेक्टर अधिकारी को यह सत्यापित करना होता है कि निर्दिष्ट रूट/मार्ग सुगम हैं या नहीं तथा निर्दिष्ट रूट के द्वारा मतदान केन्द्रों पर भौतिक रूप से पहुँच कर यह सुनिश्चित करना होता है कि P3 (सड़क, पुल, पुलिया) मतदान केन्द्रों सहित समस्त मतदान केन्द्रों की पहुँच सुगम्य है तथा यदि आवश्यक हो तो आर. ओ. (RO) को परिवर्तन के सुझाव दें।

2.2.2. सेक्टर अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होता है कि नए मतदान केन्द्रों का अधिसूचना के पश्चात् उनका व्यापक प्रचार–प्रसार हो। उन्हें भौतिक रूप से सत्यापन के द्वारा यह

भी पता लगाना होता है कि मतदान केन्द्रों पर आधारभूत संरचना तथा सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट सेक्टर अधिकारी को अनुबंध VII में प्रस्तुत करना होगी।

2.2.3. सेक्टर अधिकारी मतदान दलों के मोबाइल नं. प्राप्त करेंगे तथा मतदान केन्द्रों पर मोबाइल से सम्पर्क (Connectivity) को सुनिश्चित करेंगे तथा यह भी देखेगें कि किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी का कार्यालय मतदान केन्द्र की सीमा (परिधि) के 200 मीटर के दायरे में नहीं है।

2.2.4. सेक्टर अधिकारी सतत् निगरानी कर किसी भी अनाधिकृत रूप से अभियान गतिविधियों जैसे कि अनाधिकृत वाहनों और इमारतों का उपयोग, संपत्ति का विरूपण और एम.सी. सी. के किसी भी संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करेंगें।

2.2.5. सेक्टर अधिकारी को मतदाताओं को ईपीआईसी (EPIC) कवरेज कार्यक्रम के बारे में विशिष्ट जानकारी देनी होगी और सभी निर्धारित मतदान केन्द्रों को कवर करते हुए आधिकारिक अधिकारी क्षेत्रों (Catchment area) में मतदाताओं के लिए किए जा रहे ईवीएम प्रदर्शन के कार्यक्रम की निगरानी करनी होगी। सेक्टर अधिकारी को मतदाताओं को मतदाता सूची में स्वयं को नामांकित करने की समय सीमा के बारे में सूचित करना होगा, अपने सम्बन्धित बी.एल.ओ. के माध्यम से मतदाता सूची में उनके नाम और प्रविष्टियों की जाँच करनी होगी।

2.2.6. सेक्टर अधिकारियों को लगातार दौरे (Visits) सुनिश्चित करने होंगे और लोगों के बीच विश्वास निर्माण/बहाली के उपाय करने तथा वल्नरेबिलिटी मानचित्रण (Vulnerability mapping) को बेहतर बनाने के लिए खुफिया जानकारी एकत्र करके, उनके साथ व्यापक चर्चा करनी होगी। सेक्टर अधिकारी को वल्नरेबिलिटी मानचित्रण/संवेदनशीलता मापन के सम्बन्ध में नवीनतम निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्हें धमकी, अवांछित प्रभाव के प्रति संवेदनशील गांवों, बस्तियों, खंडों और मतदाताओं के वर्गों की पहचान सुनिश्चित करनी होगी। सेक्टर अधिकारी को असुरक्षा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करना होगी तथा ऐसे प्रत्येक स्थल/बस्ती की जानकारी पृथक रूप से आर.ओ./डी.ई.ओ. को स्त्रोत की जानकारी का खुलासा किए बिना निर्धारित प्रारूप में, स्वयं के लिए एक प्रति रखते हुए, देना होगी।

2.2.7 सेक्टर अधिकारी को मतदान के लिए मतदाताओं की स्वतंत्र रूप से पहुंच सुनिश्चित करनी होगी तथा कमजोर (Vulnerable) समुदाय के भीतर संपर्क सूत्र स्थापित करने चाहिए, तथा सेक्टर अधिकारी ऐसे पहचान किये गये बस्तियों (Pockets) में लगातार दौरा करेंगें तथा विश्वास बहाली के उपाय के रूप में अपनी/उनकी बस्तियों में कमजोर आबादी के साथ बैठक करेंगे।

2.2.8 सेक्टर अधिकरी, जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करते समय मतदान केन्द्रों के लिए एक स्केच मैप, मतदान केन्द्रों एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारियों के टेलीफोन नम्बरों/मोबाइल नम्बरों तथा पुलिस स्टेशनों एवं असामाजिक तत्वों की सूची के साथ एक जोनल मजिस्ट्रेट योजना तैयार करेंगें।

2.2.9 समस्त सहायता, जिसमें वाहन, ईंधन, मोबाइल/फोन सहायता आदि, यदि आवश्यक हो, तो सेक्टर अधिकारी को इस उद्देश्य के लिए प्रदान की जाती है।

2.2.10 सेक्टर अधिकारी राजनीतिक दलों तथा मीडिया कर्मियों से बातचीत करने से स्वयं को दूर रखें तथा रिटर्निंग अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी और प्रेक्षक के अतिरिक्त किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी न दें।

2.2.11 सेक्टर अधिकारी किसी भी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल से जुडे किसी भी व्यक्ति से नहीं मिलेंगे न ही उसका आतिथ्य स्वीकार करेंगें तथा निष्पक्ष रहकर पारदर्शिता बनाए रखेगें।

2.2.12 <u>रिजर्व ईवीएम/वीवीपीएटी सम्बन्धी –</u>

<u>रिजर्व ईवीएम तथा वीवीपीएटी का संग्रह :</u>

रिटर्निंग अधिकारी मतदान के दिन प्रतिस्थापन के किट नियंत्रण इकाइयों और वीवीपीएटी के अतिरिक्त पावर पैक और '' मॉक पोल रिप्लेस '' स्टिकर के साथ आरक्षित (रिजर्व) ईवीएम तथा वीवीपीएटी प्रदाय करते है। सेक्टर अधिकारी को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित संग्रहण केन्द्र पर निर्धारित समय पर इसे प्राप्त करने के लिए पहुंचना होगा । सेक्टर अधिकरी को ईवीएम/वीवीपीएटी प्राप्त करते समय निम्नलिखित की जांच करना होगी –

- स्टिकर ''रिजर्व'' (विधानसभा चुनावों के लिए गुलाबी और संसदीय चुनावों के लिए सफेद) मतपत्र इकाइयों, कंट्रोल इकाइयों तथा वीवीपीएटी को रखने के लिए वाहक बक्सों (Carrying cases) पर चिपके हुये होना चाहिये।
- रिजर्व बीयू, सीयू तथा वीवीपीएटी को यूनिक (विशिष्ट) ID (पहचान) प्रदाय की गयी है।

2.2.13 ईवीएम की आवाजाही के लिए जीपीएस ट्रेकिंग/मोबाइलफोन आधारित ट्रेकिंग वाले वाहनों का उपयोग :

डीईओं जीपीएस मोबाइल ऐप– आधारित ट्रैकिंग का उपयोग करके सेक्टर अधिकारियों को प्रदान किए गए वीवीपीएटी ईवीएम, जिसमें रिजर्व ईवीएम तथा वीवीपीएटी भी शामिल है, के जाने वाले सभी वाहनों की शुरू से अंत तक आवाजाही की निगरानी करता है तथा डी.ई.ओ को रिजर्व ईवीएम/वीवीपीएटी को ले जाने वाले वाहनों की पंजीयन संख्या तथा अन्य विवरण सेक्टर अधिकारी के नाम सहित जिले में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों/अभ्यार्थियों तथा प्रेक्षकों को सूचित करना होगा।

सेक्टर अधिकारी केवल डीईओ/आर ओ द्वारा उपलब्ध कराये गए निर्दिष्ट वाहनों/अन्य परिवहन का उपयोग करेंगे। सेक्टर अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें प्रदान किये गये वाहनों में जी.पी.एस ट्रैकिंग/मोबाइल ऐप आधारित ट्रैकिंग सिस्टम है और यह सुनिश्चित करेंगे कि पुलिस अधिकारी/सुरक्षाकर्मी वाहन के साथ उपलब्ध हैं।

वाहन रवानगी पर मतदान के दिन रिजर्व ईवीएम/वीवीपीएटी वाले वाहनों के सामने (Windscreen) पर और पीछे ''ऑन ड्यूटी सेक्टर अधिकारी/जोनल मजिस्ट्रेट'' वाला एक स्टिकर चिपकाया जावेगा।

सेक्टर अधिकारी, अधिकृत वाहनों से ईवीएम तथा वीवीपीएटी को तब तक नहीं हटायेंगे जब तक कि चुनाव उद्देश्यों या निर्दिष्ट स्थानों पर सुरक्षित भंडारण के लिए आवश्यक न हों ।

पी–3/पी–2/पी–1 दिवस के मामले में, सेक्टर अधिकारी को रिजर्व ईवीएम और वीवीपीएटी आरओं द्वारा निर्धारित केवल मध्यवर्ती स्ट्रांग रूम में रखना होगा।

मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं–

सेक्टर अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि योजनानुसार सभी मतदान दल तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री निर्धारित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बलों/सुरक्षा कर्मियों आदि के आगमन के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंच गये हैं। यदि मतदान दल को मतदान प्रक्रिया या ईवीएम संचालन पर कोई संदेह है तो उसे यह स्पष्ट करना होगा तथा व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने पर ओ.के. रिपोर्ट कंट्रोल रूम में भेजेंगे। यदि सेक्टर अधिकारी को कोई संदेह है तो उसे तुरन्त रिटर्निंग अधिकारी से सम्पर्क करना होगा।
सेक्टर अधिकारी को मतदान केन्द्र स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं और सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं जैसे कि रैंप, पानी, शौचालय, टेलीफोन नं. आदि को सुनिश्चित करना होगा।

सेक्टर अधिकारी को उस मतदान केन्द्र , जहां मतदान होना है कि बुनियादी अधोसंरचना, छत, दीवारे, बिजली, फर्नीचर तथा प्रवेश/निकास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा।

2.3 मतदान दिवस के उत्तरदायित्व :

2.3.1 मतदान दिवस पर रिजर्व ईवीएम और वीवीपीएटी का संचालन

सेक्टर अधिकारी द्वारा ले जाये गए रिजर्व ईवीएम/वीवीपीएटी पर उचित लेबलिंग स्टिकर 'रिजर्व' होना चाहिए तथा वास्तविक मतदान शुरू होने से पहले (मॉक पोल के दौरान) प्रतिस्थापित की गयी गैर कार्यात्मक इकाई को मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी के पास नहीं होना चाहिए। इन्हें सेक्टर अधिकारी द्वारा वाहक बक्सों (कैरिंग केस) पर उचित स्टिकर 'मॉक पोल रिप्लेस' के साथ वापस ले जाना चाहिए।

जब भी मतदान केन्द्र में इकाई/इकाईयों, सी.यू तथा वीवीपीएटी का पावरपैक बदला जाना है, सेक्टर अधिकारी निर्धारित प्रारूप (अनुलग्न–II) पर हस्ताक्षर करना न भूलें।

2.3.2. आवंटित मतदान केन्द्रों का दौरा –

सेक्टर अधिकारीयों के कुछ अन्य कर्तव्य हैं –

- एस.ओ. को उस मतदान केन्द्र पर ध्यान देना होगा जहां मतदान एजेंटो की अनुपस्थिति में मॉक पोल आयोजित करना पड़ा या जहां केवल एक मतदान एजेंट उपस्थित था ।
- मतदान केन्द्र–वार वेबकास्टिंग की उचित स्थापना (Installation) एवं कार्यशीलता का प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी को दें जहां वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।
- सुनिश्चित करें कि 4 वी.एफ.वी (मतदाता सुविधा–पोस्टर्स) निर्देशानुसार प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं और रिटर्निंग अधिकारी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
- मतदान के दिन लंबी कतारों की गतिशील (Dynamic) ट्रैकिंग ।
- यदि मतदान कार्मिकों को जिम्मेदारी सौपीं गयी है तो उनके पारिश्रमिक का वितरण सुनिश्चित करें।

2.3.3 एस.ओं. को मतदान प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखनी होगी तथा मतदान केन्द्रों के दौरे के दौरान मतदान के सभी पहलुओं की जांच करनी होगी और मतदान के दिन कम से कम तीन बार सभी मतदान केन्द्रों का दौरा करना होगा। कम से कम एक मतदान केन्द्र

पर एस.ओं को ईवीएम की सीलिंग और मतदान दलों द्वारा कागजात की तैयारी की जांच करनी होगी।

2.3.4 जब भी आरक्षित मतदान दलों से मतदान कर्मियों के प्रतिस्थापन के लिए एस. ओ. से कोई अनुरोध किया जाता है, तो उसे R.O. से परामर्श के बाद सुलझाना होगा और आवंटित मतदान केन्द्रों से सम्बन्धित मतदान दिवस की शिकायतों को तुरन्त निपटाना होगा।

2.3.5 ऐसे मतदान केन्द्रों, जहाँ मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के ऐजेन्ट की अनुपस्थिति में या केवल एक ही उम्मीदवार के पोलिंग ऐजेन्ट की उपस्थिति में मॉक पोल आयोजित करना पड़ा हो, पर एस.ओ. (सेक्टर अधिकारी) को बार बार जाना होगा।

2.3.6 एस ओ.को मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल की स्थिति सुनिश्चित करनी होगी और यदि कोई समस्या है तो उसे सुलझाने के लिए उपचारात्मक कार्यवाही करनी होगी। एस. ओ. को मतदान केन्द्र के अंदर मतदान प्रक्रिया में मतदान दल की सहायता करनी होगी यदि आवश्यक हो तो उसकी रिपोर्ट 30 मिनट के भीतर आर.ओ. को देनी होगी। S.O को सभी आवंटित मतदान केन्द्रों पर मतदान शुरू होने की रिपोर्ट आर.ओ. को अविलम्ब देनी होगी।

2.3.7 एस.ओ. को मतदान पीएटीर्न की जाँच करनी होती है और यदि विशिष्ट मतदाताओं का कोई भी समूह/वर्ग विशिष्ट रूप से अनुपस्थित पाया जाता है तो उसे निदानात्मक उपायों के लिए आर. ओ. को सूचित करना होगा। एस.ओ. को यह सत्यापित करना होगा कि कमजोर बस्तियों, समुदायों के मतदाता मतदान के लिए आते हैं या नहीं, यदि नहीं तो आर.ओ./डी.ई.ओ.को सूचित करें ताकि आर.ओ. /डी.ई.ओ. को सूचित करें ताकि निर्दिष्ट दस्ता भेजा जा सके।

2.3.8 मतदान के दौरान एस.ओ. को निर्देशानुसार समय समय पर मतदान के प्रतिशत की रिपोर्ट आर.ओ. को देना होगी और मतदान के अंत में यह सुनिश्चित करना होगा कि

- पीठासीन अधिकारी की डायरी ठीक से भरी है।

- ईवीएम को ठीक से सील किया गया है।
- भरे हुए फार्म 17 C की प्रतियां मतदान अभिकर्ताओं को दे दी गयी हैं। 'फार्म 17क में मतदाताओं का रजिस्टर/मतदातापंजी ठीक से भरी गयी है।
- ई.सी.आई. के नवीनतम निर्देशानुसार कोई अन्य महत्वपूर्ण रिपोर्ट/प्रारूप।

2.3.9 ईवीएम और वीवीपीएटी के लिए प्रतिस्थापन आचरण संहिता (Protocol)

ईवीएम तथा वीवीपीएटी के काम न करने की स्थिति में निम्नलिखित प्रकिया अपनाई जाती है–

मॉकपोल के दौरान ईवीएम/वीवीपीएटी का कार्य न करना

- ❖ बी.यू कार्यशील नहीं हैः केवल बीयू बदलें।
- ❖ सी.यू कार्यशील नहीं हैः केवल सीयू बदलें।
- ❖ वीवीपीएटी कार्यशील नहीं हैः केवल वीवीपीएटी बदलें।

नोटः मॉक पोल के दौरान प्रतिस्थापित किये गये अस्वीकृत बीयू/वीवीपीएटी के वाहक बक्सों (कैरिंइग केस) पर "मॉक पोल बदला गया (Replaced) चिपकने वाला स्टिकर लगाया जावेगा तथा किसी भी प्रकार के प्रतिस्थापन में सी.यू. को बंद रखे।

वास्तविक मतदान के दौरान ईवीएम/वीवीपीएटी का कार्य न करना

(किसी भी प्रकार के प्रतिस्थापन से पहले सी.यू. को बंद कर दें।)

- ❖ यदि सी.यू या बी.यू. ठीक से काम नहीं करता है पूरा सेट बदले (बीयू + सीयू + वीवीपीएटी जब पूरा सेट बदल दिया जाए तो नोटा सहित चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को एक वोट देकर मॉक पोल आयोजित करें (सभी मॉक पोल

प्रक्रियाओं का पालन करें।)

- ❖ यदि वीवीपीएटी ठीक से काम नहीं करता तो केवल वीवीपीएटी को ही बदलें। इस मामले में मॉक पोल की आवश्यकता नहीं हैं।
- ❖ यदि सीयू वीवीपीएटी के लिए "low battery" दिखाता है तो वीवीपीएटी का पावर पैक बदलें।
- ❖ यदि सी.यू. , सी.यू. के लिए "low battery" दिखाता है तो सी.यू का पावर पैक बदलें।

इस उद्देश्य के लिए पीठासीन अधिकारी मतदान एजेंटो और सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति में सी.यू. के पावर पैक को बदल देगा तथा एड्रेस टेग के साथ सीयू के बैटरी अनुभाग को फिर से सील कर देगा और उनके हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे। पीठासीन अधिकारी निर्धारित प्रारूप में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

एस.ओ. मतदान प्रक्रिया से स्वयं को निम्नलिखित प्रकार से परिचित करायेंगे–

(ए) मॉक पोलका संचालन –

- मॉक पोल शुरू करने से पहले– बीयू , वीवीपीएटी को मतदान कोष्ठ मे तथा सीयू को पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी (प्रभारी सी.यू) बीयू की केबल को वीवीपीएटी की सी.यू से जोड़ा जाता है।
- यदि 2 या अधिक मतदान अभिकर्ता हो तो मॉक पोल निर्धारित मतदान समय से 90 मिनट पहले शुरू होता है।
- यदि एक या कोई मतदान अभिकर्ता उपलब्ध नहीं हो तो मॉक पोल शुरू करने का प्रतीक्षा समय 15 मिनट है।
- कम से कम 50 वोट डाले जाते हैं। नोटा सहित प्रत्येक उम्मीदवार बटन के लिए वोट / मत दर्ज किये जाते है। सीयू के परिणाम को वीवीपीएटी की पर्चियों की गिनती से सत्यापित किया जाता है।

- मॉक पोल से सम्बन्धित वीवीपीएटी पर्चियों पर "मॉक पोल स्लिप" की मुहर लगाई जाती है। और उन्हें काले लिफाफे मे रखा जाता है और गुलाबी पेपर सील से सील किया जाता है।
- मॉक पोल और मॉक पोल डेटा को हटाने के पश्चात्, सीयू को परिणाम अनुभाग को हरे पेपर सील , विशेष टैग तथा एड्रैस टैग से सील कर दिया जाता है तथा वीवीपीएटी के ड्रॉप बॉक्स को एड्रैस टैग से सील कर दिया जाता है।

(बी) वास्तविक मतदान की शुरूआतः

- वास्तविक मतदान अधिसूचित मतदान प्रारम्भ के समय पर शुरू होता है।
- फार्म 17A (मतदाता की पंजी) में प्रथम मतदाता के हस्ताक्षर करने से पहले, मतदान अधिकारी क्र.–1 पीठासीन अधिकारी के साथ जांच करता है और फार्म 17ए में यह दर्ज करता है कि ''नियंत्रण इकाई में कुल संख्याकी जांच की गई और शून्य पाई गई''।

(सी) मतदान का समापन :

- मतदान निर्धारित समय पर बंद कर दिया जाता है भले ही किसी अपरिहार्य कारण से मतदान तय समय से कुछ देरी से भी शुरू हुआ हो।
- यह भी ध्यान दिया जाए कि ऐसे प्रयोजन के लिए निर्धारित समय पर मतदान बंद नहीं किया जाएगा जब तक कि मतदान समाप्ति के समय से पूर्व मतदान केन्द्र पर उपस्थित समस्त मतदाता अपना मत न डाल दें।
- मतदान बंद करने के लिए , पीठासीन अधिकारी, अंतिम मतदाता के मतदान करने के बाद, नियंत्रण इकाई पर 'बंद करे' बटन दबाता है। पीठासीन अधिकारियों को

फार्म 17C के भाग–I के आइटम 6 में ईवीएम में दर्ज मतों की कुल संख्या नोट करनी चाहिए।

- सी.यू. में प्रदर्शित मतदान समाप्ति की तिथि तथा समय पीठासीन अधिकारी द्वारा पीठासीन अधिकारी की डायरी में नोट किया जाना चाहिए।
- चुनाव के लिए निर्धारित प्रपत्र सावधानी पूर्वक तथा उचित ढंग से भरे जाने के बाद, पीठासीन अधिकारी नियंत्रण इकाई को बंद कर देते है तथा समस्त इकाइयों अर्थात् बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी को पृथक कर देते है तथा एड्रेस टेग का उपयोग करते हुए सम्बंधित वाहक बक्सों (कैरिइंग केसेस) में सील करते हैं। एक साथ चुनाव के मामले में, कागजात अलग से तैयार और सील किए जाने चाहिए।
- पीठासीन अधिकारी मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में वीवीपीएटी से पावर पैक (बैटरी) हटाने के पश्चात ही मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में वीवीपीएटी के वाहक बक्सों (कैरिइंग केस) को सील करेंगे। वीवीपीएटी का हटाया गया पावर पैक (बैटरी) प्राप्ति केन्द्र पर जमा की जावेगी। इन पावर पैको को स्ट्रॉग रूम में संग्रहित नहीं किया जाएगा।
- पीठासीन अधिकारी एड्रेस टेग पर हस्ताक्षर करते हैं तथा मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर भी प्राप्त करते हैं।

(डी) मतदान दिवस पर पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट का प्रारूपः

भाग–1 (मॉक पॉल प्रमाण पत्र)

भाग–2 (नियंत्रण ईकाई के पावर पैक का प्रतिस्थापन):

जब भी नियंत्रण इकाई का पावर पैक प्रतिस्थापित किया जावे, तब भरा जावे।

भाग–3 (मतदान समाप्ति प्रमाण पत्र प्राप्ति पश्चात क्लोज बटन का दबाना)– मतदान समाप्ति के पश्चात भरा जावे।

भाग–4 (ई.व्ही.एम/व्हीव्हीपीएटी रिपोर्ट यदि मॉक पाल के दौरान प्रतिस्थापित की गई है)

भाग–5 ईवीएम/वीवीपीएटी प्रतिस्थापन रिपोर्ट यदि वास्तविक मतदान के दौरान प्रतिस्थापित किया गया है।

नोट– सेक्टर अधिकारी द्वारा अनुलग्नक–IV (पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट का भाग–4 व भाग–5) दिये गये प्रारूप में मॉक पॉल तथा वास्तविक मतदान के दौरान ईवीएम और वीवीपीएटी के प्रतिस्थापन पर एक रिपोर्ट रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा की जावेगी।

(ई) मतदान सम्पन्न होने के बाद पीठासीन अधिकारी की गतिविधियांः–

मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद, विधिवत, भरे हुये फार्म/प्रारूप और अप्रयुक्त सामग्री सहित अन्य सामग्री को पीठासीन अधिकारी द्वारा निम्नलिखित पैकेटों में पैक किया जाना चाहिए। ताकि इसे बिना किसी कठिनाई और त्रुटि के प्राप्ति केन्द्र पर जमा किया जा सकेः–

I. **पहले पैकेट पर नीचे बताए अनुसार ईवीएम पेपर्स होने चाहिए तथा ' ईवीएम पेपर्स ' के रूप में अधिलिखत** (Super-Scribed) होना चाहिए ;

(i) बिना सील किया हुआ लिफाफा जिसमें मतों का लेखा –जोखा हो (फार्म –17C),

(ii) पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट –I (मॉक पोल प्रमाण पत्र) वाला बिना सीलबंद लिफाफा,

II तथा III

(iii) मॉक पोल की मुद्रित वीवीपीएटी पेपर पर्चियों को काले रंग के लिफाफे में रखना चाहिए। उपरोक्त चुनाव से सम्बन्धित समस्त पत्रक / कागजात सीलबंद बड़े (Master) सफेद लिफाफे (लिफाफा नं 1/1) और मत युक्त ई.वी.एम स्ट्रांग रूम में रखा जाना चाहिए।

एक साथ चुनाव के मामले में, उपरोक्त सभी ई.वी.एम. सम्बन्धी कागजात को उनके सम्बन्धित गुलाबी/काले रंग के लिफाफे में पृथक से पैक किया जा सकता है तथा विधानसभा चुनाव की ई.वी.एम. स्ट्रांग रूम में रखी जानी चाहिए।

II दूसरे पैकेट में नीचे उल्लेखित बिना सील/सीलबंद लिफाफे होना चाहिए जिस पर 'जांच/जांच कवर' (स्क्रूटनी कवर) लिखा जाना चाहिए।

(i) बिना सील युक्त लिफाफा जिसमें पीठासीन अधिकारी की डायरी

(ii) सीलबंद लिफाफा जिसमें मतदाताओं की पंजी (17अ) हो।

(iii) बिना सीलबंद लिफाफा जिसमें फॉर्म 14अ में दृष्टिहीन और अशक्त मतदाताओं की सूची और साथियों की घोषणाएँ शामिल है।

(iv) आगन्तुक पत्रक (Visit sheet) वाला बिना सील वाला लिफाफा।

उपरोक्त सभी चुनाव पत्रों को बिना सील बंद सफेद रंग के मास्टर लिफाफे (लिफाफा संख्या–2/1) में रखा जाना चाहिए और जांच के लिए आवश्यक मतदान केन्द्रवार स्क्रूटनी कवर को मतयुक्त ई.वी.एम. तथा वी.वी.पीएटी वाले

मतयुक्त (Polled) ई.वी.एम. स्ट्रांग रूम के अलावा किसी अन्य स्ट्रांग रूम में अलग से संग्रहित किया जाना चाहिए।

III तीसरे पैकेट में नीचे उल्लेखित सीलबंद लिफाफे होने चाहिए उस पर 'सांविधिक कवर' लिखा होना चाहिए।

(i) सीलबंद लिफाफा जिसमें मतदाता सूची की चिन्हित प्रति हो।

(ii) सीलबंद लिफाफा जिसमें मतदाता पर्चियां हो।

(iii) सीलबंद लिफाफा जिसमें अप्रयुक्त निविदत्त मतपत्र हों।

(iv) सीलबंद लिफाफा जिसमें प्रयुक्त निविदत्त मतपत्र हों तथा फार्म 17B में सूची शामिल हो।

(v) सीलबंद लिफाफा जिसमें फार्म 14 में अभ्याक्षेपित मतों (Challenged votes) की सूची शामिल है।

उपरोक्त सभी सांविधिक कागजात सीलबंद सफेद रंग के मास्टर लिफाफे (लिफाफा क्रं–3/1) में रखे जाने चाहिए।

एक साथ चुनाव होने की स्थिति में, विधानसभा चुनाव के लिए गुलाबी मतदाता पर्ची वाले गुलाबी लिफाफे को इस लिफाफे में रखा जाना चाहिए।

IV चतुर्थ पैकेट में निम्नलिखित लिफाफे होने चाहिए और उस पर 'असांविधिक कवर' लिखा होना चाहिए

(i) बिना सीलबंद लिफाफा जिसमें मतदाता सूची की प्रति या प्रतियां(चिन्हित प्रति के अलावा) हों

(ii) बिना सीलबंद लिफाफा जिसमें फार्म 10 में मतदान अभिकर्ता के नियुक्ति पत्रक तथा मतदान अभिकर्ताओं के नियुक्ति पत्रों के विवरण(Accounts)।

(iii) फार्म 12B में चुनाव ड्युटी प्रमाण पत्र युक्त बिना सीलवाला लिफाफा

(iv) बिना सीलयुक्त लिफाफा जिसमें पीठासीन अधिकारी की घोषणाएं हों।

(v) बिना सीलयुक्त लिफाफा जिसमें अभ्याक्षेपित मतों के संबंध में रसीद बुक, और नकदी, यदि हो।

(vi) बिना सील किया हुआ लिफाफा जिसमें अप्रयुक्त तथा क्षतिग्रस्त सीलें और विशेष टैग हों।

(vii) बिना सील किया अप्रयुक्त मतदाता पर्ची का लिफाफा

(viii) निर्वाचकों से उम्र के बारे में घोषणाएं प्राप्त करने के लिए तथा उन निर्वाचकों की सूची जिन्होंने अपनी उम्र के बारे में घोषणा करने से इनकार कर दिया है– के लिए बिना सील बंद लिफाफा।

(ix) नियम 49 एम.ए. परीक्षण मत (Test vote) के तहत निर्वाचक द्वारा घोषणा का पत्र

(x) निर्वाचक द्वारा घोषणा का प्रपत्र जिसका नाम ए.एस.डी. सूची में हो।

(xi) एस.एच.ओ. पुलिस को शिकायत पत्र।

**एक साथ चुनाव के मामले में बिना सीलबंद लिफाफा जिसमें पीठासीन अधिकारी की घोषणाएं हो– विधानसभा चुनाव के लिए गुलाबी रंग में इस असांविधिक कवर में पैक करने चाहिए।

उपरोक्त सभी 11 असांविधिक कागजात वाले लिफाफे पीले रंग के एक बड़े मास्टर लिफाफे (लिफाफा क्र. 4/1) में सीलबंद करके रखे जाने चाहिए।

V. पांचवे पैकेट में निम्नलिखित वस्तुएँ होनी चाहिए :

(i) पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका(हैण्डबुक)

(ii) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी के निर्देश :

क. 'ई.वी.एम. और वीवीपीएटी पर वोट कैसे डाले'– पर पोस्टर

ख. ई.वी.एम. और वीवीपीएटी के उपयोग पर पीठासीन अधिकारी के लिए ब्रोशर और

ग. ई.वी.एम. वीवीपीएटी के उपयोग पर समस्या निवारण

(iii) सीलबंद लिफाफा जिसमें

ए. रिसाव या वाष्पीकरण को रोकने के लिए प्रत्येक शीशी पर स्टॉप के साथ अमिट स्याही सेट को पिघली हुई मोमबत्ती या मोम के साथ प्रभावी ढंग से सील किया गया हो।

बी. उपयोग की गयी (self- inking) स्वचलित स्याही पैड

उपरोक्त सभी पाँच वस्तुओं को सीलबंद भूरे रंग के मास्टर लिफाफे (लिफाफा संख्या 5/1) में रखा जाना चाहिए।

(vi) छठवें पैकेट में निम्नलिखित सामग्री होगी–

i. चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की प्रयुक्त सूची फार्म ***7क*** में।

ii. प्रत्याशियों के हस्ताक्षर की प्रयुक्त फोटोकॉपी और

iii. अन्य प्रयुक्त प्रपत्र, इस लिफाफे का रंग नीला होना चाहिए (लिफाफा क्र. 6/1) पीठासीन अधिकारी की धातु की मुहर

iv. निविदत्त मतपत्रों को चिन्हित करने के लिए एरो क्रास मार्क रबर स्टैम्प।

v. अमिट स्याही रखने के लिए कप ।

शेष सभी स्टेशनरी आइटम को सम्बन्धित पारदर्शी कार्ड बोर्ड/गत्ते के बाक्स में रखा जाना चाहिए और प्राप्ति केन्द्र पर जमा किया जाना चाहिए।

2.4 मतदान पश्चात की जिम्मेदारी।

2.4.1 रिजर्व तथा मॉक पॉल के दौरान अक्रियाशील ईवीएम और वीवीपीएटी को सीयू और वीवीपीएटी के बचे हुये पावरपैक के साथ जमा करना–

मतदान पूर्ण होने के तुरंत बाद मतदान के दिन ही एस.ओ को श्रेणी सी (मॉक पॉल अकार्यशील ईवीएम तथा वीवीपीएटी) तथा श्रेणी–डी (अप्रयुक्त ईवीएम तथा वीवीपीएटी्स) प्राप्ति केन्द्र या आर.ओ द्वारा अन्य स्थान पर जमा करना होगा।

पी+1 दिन की आवाजाही के मामले में एसओ को श्रेणी सी तथा डी के ईवीएम तथा वीवीपीएटी्स को आर ओ द्वारा निर्धारित मध्यवर्ती स्ट्रॉग रूम में या आरओ द्वारा निर्धारित प्राप्ति केन्द्र या अन्य स्थान में जमा करना होगा तथा निर्धारित प्रारूप (अनुबंध–5) में मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन रिजर्व ईवीएम/वीवीपीएटी्स के जमा करते समय आरक्षित ईवीएम व वीवीपीएटी का विस्तृत विवरण जमा करना होगा। एसओ मतदान समाप्ति के पश्चात अनुलग्न 6 में मतदान केन्द्रवार रिपोर्ट जिसमें मतदान दिवस की गतिविधियों का विस्तृत विवरण हो, जमा करें।

अध्याय–3

वल्नरेबिलिटी मानचित्र और संवेदनशील मतदान केन्द्र

3.1 प्रस्तावना

चुनावों के संबंध में वल्नरेबिलिटी को किसी भी मतदाता या मतदाताओं के एक वर्ग की संवेदनशीलता के रूप में परिभाषित किया गया है वह भौगोलिक रूप से पहचाने जाने वाले क्षेत्र में रहता हो या नहीं, उसे डराने, धमकाने या किसी भी प्रकार की अनुचित प्रभाव या बल का उपयोग करके गलत ढंग से रोका या प्रभावित किया जाना ताकि वह अपने मताधिकार के संबंध में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से मतदान न कर सकें।

संवेदनशीलता मेपिंग, गावों/ बस्तियों/निर्वाचन क्षेत्रों के खण्डों में रहने वाले अल्पसंख्यकों या समाज के कमजोर वर्गों जैसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति जो कि किसी भी धमकी, अनुचित प्रभाव, स्वतंत्र रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति संवेदनशील है की पहचान करने का एक माध्यम/तरीका है। चुनाव के संबंध में संवेदनशीलता मेपिंग (वीएम) का अभ्यास ऐसे मतदाता या मतदाताओं के वर्ग को, जो असुरक्षित होने की संभावना रखते है, व्यक्ति या अन्य कारण जो संवेदनशीलता के कारण बनते है, को स्पष्ट रूप से पहले से पहचानने के उद्देश्य से किया जाता है, और इस पहचान के आधार पर पहले से ही पर्याप्त सुधारात्मक कार्यवाही करना।

3.2 कानूनी ढाँचा

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 बी (1) जो कोई

i. किसी व्यक्ति को या अन्य किसी व्यक्ति को किसी मताधिकार का प्रयोग करने के लिये उकसाने के उद्देश्य से या ऐसे किसी अधिकार का प्रयोग करने के लिये किसी व्यक्ति को पारितोषिक देता है या

